# भीषण सड़क हादसे में तीन की दर्दनाक मौत

## एक गंभीर घायल,पिता-पुत्र एवं साढ़ू की मौके पर मौत, मृतको की उम्र 30 से 55 वर्ष के बीच

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 15 फरवरी, जियावन थाना क्षेत्र के कुंदवार पुलिस चौकी अंतर्गत हुमनाडाड़ में रविवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मृतकों में पिता-पुत्र एवं उनका साढ़ू शामिल है। मृतकों की उम्र 30 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा रविवार की शाम करीब 7.40 बजे हुआ, जब अज्ञात भारी वाहन ने सड़क पर जा रहे लोगों को तेज रफ्तार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जगन्नाथ सिंह पिता जय मंगल सिंह निवासी सरौधा, लालदेव सिंह पिता जगन्नाथ सिंह निवासी सरौधा तथा तेजबली सिंह पिता सुखलाल सिंह निवासी डऊआडोल, थाना जियावन के रूप में हुई है। इनमें जगन्नाथ सिंह और लालदेव सिंह पिता-पुत्र थे, जबकि तेजबली सिंह उनके साढ़ू थे। हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की गई। घायलों में अरविंद केवट की पहचान की गई है





### पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग तेज की

पुलिस द्वारा अज्ञात भारी वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में जांच तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही वाहन की पहचान कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लौर में पकड़ाई शराब से लोड कार, तस्कर छोड़कर भागे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 फरवरी, मऊगंज जिले की लोर थाना पुलिस ने शराब की अवैध खेप से लोड एक कार को पकड़ा है. तस्कर शराब की अवैध खेप को लोड कर जा रहे थे, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर ली.**

इस दौरान तस्कर कार छोड़कर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने फिलहाल कार सहित कार में लोड शराब की खेप को जप्त कर लिया है और तस्करों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. दरअसल यह कार्रवाई लौर थाना पुलिस ने ग्राम जोधपुर के समीप की है, जहां मुखबीर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर शराब की अवैध खेप से लोड कार को पकड़ा है. हालांकि यह शराब की खेप कहां से कहां ले जाई जा रही थी यह स्पष्ट नहीं हो सका है. कार्रवाई के संबंध में लौर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कर में शराब की खेप लोड कर लाई जा रही है, सूचना मिलते ही पुलिस ने जोधपुर के समीप घेराबंदी कर कार को पकड़ा गया, जिस दौरान कार में सवार दो तस्कर मौके से भाग खड़े हुए. वहीं पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो कार में शराब की पेटियां लोड मिली, जिसकी अनुमानित कीमत 36 हजार आंकी गई है.

# जनगणना 2027 के लिए चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 से

## पहले चरण में सूचीबद्ध होंगे माकान

**नवभारत न्यूज**

**सतना 15 फ़रवरी, जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा।**

इसके लिए जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रात: 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारियों को 17 एवं 18 फ़रवरी तथा नगरीय चार्ज अधिकारियों को 19 एवं 20 फ़रवरी 2026 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी अपने जनगणना सहायक/लिपिक के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना कार्य समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

### अमरपाटन में 19 को अप्रेन्टिस रोजगार मेला

**मैहर**, राज्य शासन के निर्देशानुसार कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के समन्वय से मैहर जिले में तृतीय गुरूवार को युवा संगम मेले का आयोजन किया जाता है। फ़रवरी माह में जिले के अमरपाटन मुख्यालय में 19 फ़रवरी को अप्रेन्टिस रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया जायेगा।

# महाशिवरात्रि पर मंदिर से लौट रहे पुजारी की निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने धारदार हथियार से सीने पर किए 8 वार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 फरवरी, जिले के कुसमी तहसील मुख्यालय में आज महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना कर मंदिर से लौट रहे पुजारी इन्द्रभान द्विवेदी 75 वर्ष की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी ने चलती बाइक से उन पर धारदार हथियार से हमला किया और सीने पर आठ वार किए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।**

मंदिर से पूजा करके लौट रहे पुजारी की बेरहमी से हत्या की इस दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया ।आरोपी ने चलते वक्त पुजारी पर धारदार हथियार से हमला किया और लगातार 8 वार कर उनकी जान ले ली। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है और लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।





**मृतक के परिवार और ग्रामीणों में रोष**- इन्द्रभान द्विवेदी रोजाना मंदिर में पूजा करने जाते थे और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे ।महाशिवरात्रि के दिन हुई इस हत्या से गांव में दुख और गुस्सा फैल गया ।परिजन और गांव वाले इस घटना को लेकर बेहद आक्रोशित हैं ।उनका कहना है कि ऐसे पावन दिन पर इस तरह की वारदात किसी को भी स्वीकार नहीं।

**किस विवाद के कारण हुआ हमला?** – स्थानीय लोगों ने बताया कि पुजारी का किसी से पुराना विवाद नहीं था।ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि आरोपी ने यह कदम क्यों उठाया? पुलिस इस दिशा में जांच कर रही है कि हत्या की वजह क्या थी और क्या आरोपी अकेला था या उसके साथ और लोग भी शामिल थे?

**शव को सड़क पर रखकर किया चक्का जाम**- घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया। उन्होंने मृतक पुजारी के शव को मुख्य सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक आरोपी पर सख्त धाराओं में कार्रवाई नहीं की जाती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

**आरोपी पुलिस हिरासत में**- पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है ।उससे पूछताछ चल रही है ताकि हत्या की वजह और घटनाक्रम के पीछे के सभी पहलुओं का पता लगाया जा सके ।पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि हमला योजनाबद्ध था या आवेश में किया गया।

**आरोपी का घर एवं दुकान सील**- पुजारी की हत्या करने वाले आरोपी के घर एवं दुकान को स्थानीय प्रशासन ने आज अपरान्ह सील कर दिया है जिससे जन आक्रोश को कम किया जा सके। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

### मंदिर से लौटते समय हुआ हमला

जानकारी के मुताबिक, कुसमी तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर में वर्षों से पुजारी का कार्य कर रहे इन्द्रभान द्विवेदी रोज की तरह पूजा कर लौट रहे थे ।आज सुबह करीब 8 बजे अचानक आरोपी लाला केवट ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया. यह हमला इतना तेज था कि पुजारी सड़क पर गिर पड़े और संभल भी नहीं पाए।

### चलती बाइक से आरोपी ने किया वार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी लाला केवट 55 वर्ष मोटरसाइकिल पर आया और पुजारी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पुजारी गिर गए, लेकिन हमलावर यहीं नहीं रुका।उसने उनके सीने पर करीब आठ बार हमला किया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. यह अत्यंत निर्मम और हैरान कर देने वाली वारदात थी। बाइक में अन्य व्यक्ति भी था।

### इनका कहना है

हत्या के आरोपी कामता ऊर्फ लाल केवट के खिलाफ बीएनएस धारा 103 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है ।सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**करुणा द्विवेदी,**
**थाना प्रभारी कुसमी**

# श्रद्धालुओं से भरा आटो पलटा, दर्जनभर घायल

- भोलेनाथ के मंदिर जा रहे थे सभी श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 फरवरी, शहर के पड़रा बाईपास मार्ग में आज दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक आटो के अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जनभर लोग घायल हो गये। यह श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना करने हनुमानगढ़ से जोबा शिव मंदिर जा रहे थे।**

ऑटो पड़रा बाईपास पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक से बचने की कोशिश में हादसा हुआ। ऑटो चालक ने ट्रक से बचने के लिए वाहन को पटरी के नीचे उतारा, जहां वह सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकराकर पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। ऑटो में सवार सभी 12 लोग ग्राम हनुमानगढ़ के निवासी थे और जोबा के पास स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। घायलों में सीमा गोस्वामी, प्रिया गोस्वामी, कुसुम कली, प्रेमवती, राजकुमारी, सुधा, भगवानदीन, रेशमी, अनुष्का गोस्वामी, कीर्ति गोस्वामी सहित दो अन्य शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सीधी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।



### इनका कहना है

प्रथम दृष्टया यह हादसा ऑटो के अनियंत्रित होने के कारण हुआ है। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और उस ट्रक की पहचान सहित अन्य सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**दिव्य प्रकाश त्रिपाठी**
**थाना प्रभारी जमोड़ी**

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई : नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

## थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में दबिश, सहयोगी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 15 फरवरी, थाना जियावन पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जनेन्द्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न की गई।**



पुलिस प्रेस नोट के अनुसार थाना जियावन में अपराध क्रमांक 79/2026 धारा 137(2), 87, 65(1), 64(2)(एम) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आरोपी द्वारा 11 फरवरी 2026 को नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल विवेचना प्रारंभ कर आरोपी की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जनेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी गणेश जायसवाल पिता राम प्रसाद जायसवाल, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम गिर, थाना जियावन, जिला सिंगरौली को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आवश्यक पूछताछ एवं चिकित्सीय परीक्षण के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शेषनारायण दुबे, आरक्षक सतेंद्र कुमार, आरक्षक राहुल प्रजापति एवं आरक्षक दिनेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत हुआ है तथा गंभीर अपराधों में सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99